श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी 11:59 तक
उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 14 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 234, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 02 TOP

# शिविर में त्वचा रोगियों को दिया उपचार



**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट, वेनेरोलॉजिस्ट एंड लैप्रोसी ( आईएडीवीएल ) की ओर रविवार को देश में अपनी स्थानीय शाखाओं की मदद से त्वचा जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इस क्रम में आईएडीवीएल यूपी- उत्तराखंड के प्रेसीडेंट एवं एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के त्वचा विभाग के प्रमुख डॉ. प्रतीक गहलौत के मार्गदर्शन में वंचित क्षेत्रों में शिविर लगाए गए। बदायूं रोड स्थित वृद्धाश्रम और सिविल लाइंस स्थित आर्य समाज अनाथालय में शिविर लगाया गया। इसमें डॉ. कीर्तिका, डॉ. वैष्णवी ने सोरायसिस, विटिलिगो, मुंहासे, फंगल संक्रमण, सामान्य और दीर्घकालिक त्वचा रोगों के 100 से अधिक रोगियों की जांच की। मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गईं। निशुल्क परामर्श दिया गया।